

डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 03 जून, शनिवार, 2023
बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

# 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले होंगे : राहुल गांधी




संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली/वाशिंगटनः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से हटाने के लिए एकजुट विपक्ष की क्षमता पर भरोसा जताया है. अमेरिका के वाशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी अगले आम चुनाव में बहुत अच्छा करेगी, नतीजे लोगों को चौंका देंगे. बस आप कैलकुलेट करें, एकजुट विपक्ष अपने दम पर बीजेपी को हरा देगा. राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है और कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ नियमित बातचीत कर रही है.

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, विपक्ष बहुत अच्छी तरह से एकजुट है. हम सभी विपक्षी दलों के साथ बातचीत कर रहे हैं. मुझे लगता है कि वहां काफी अच्छा काम हो रहा है. यह एक जटिल चर्चा है, क्योंकि ऐसे कई राज्य हैं, जहां हम उन दलों के साथ कंपिटीशन कर रहे हैं. लेकिन मुझे विश्वास है कि विपक्ष का महागठबंधन होगा. राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थानों पर 'कब्ज़ा' करने का भी आरोप लगाया. कांग्रेस नेता ने कहा कि जब वह राजनीति में आए थे, तब उन्होंने सोचा भी नहीं था कि उन्हें लोकसभा की सदस्यता से कभी अयोग्य घोषित किया जाएगा, लेकिन इसने उन्हें लोगों की सेवा करने का एक बड़ा अवसर दिया है. उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि यह नाटकीय घटनाक्रम असल में करीब छह महीने पहले शुरू हुआ. हम संघर्ष कर रहे थे. पूरा विपक्ष भारत में संघर्ष कर रहा है. सारा धन कुछ लोगों के पास है. संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है. हम अपने देश में लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं.

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि वह अपने जीवन के खतरों के बारे में चिंतित नहीं हैं और यह पीछे हटने का कारण नहीं हो सकता. उन्होंने कहा, मैं हत्या की धमकियों से चिंतित नहीं हूं. हर किसी को मरना है. यही मैंने अपनी दादी और पिता से सीखा है. आप ऐसी किसी चीज के लिए पीछे नहीं हटते.

गौरतलब है कि राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी की उनके अंगरक्षकों ने 1984 में हत्या कर दी थी, जबकि उनके पिता राजीव गांधी की 1991 में एक आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई थी. दोनों पूर्व प्रधानमंत्री थे.

# बिहार में सेवा दल होगा मजबूत, हर प्रमण्डल में लगेगें प्रशिक्षण शिविर

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पटना प्रमण्डल का तीन दिवसीय प्रमण्डल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ पटना के सदाकत आश्रम में शनिवार तीन जून से हो रहा है। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ० संजय यादव ने बताया कि पटना प्रमण्डल के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह करेंगे, इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के बिहार प्रभारी मो अफरोज खान का भी मागर्दर्शन प्राप्त होगा। प्रशिक्षण तीन जून से पाँच जून तक आयोजित पटना प्रमण्ड के प्रशिक्षण शिविर में पटना जिला के साथ साथ भोजपुर, कैमूर, बक्सर, रोहतास और नालंदा जिले के कार्यकर्ता शामिल होंगे। डॉ० संजय यादव ने बताया कि कांग्रेस के अभिन्न अंग सेवा दल ने हमेशा कांग्रेस को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। सेवा दल कांग्रेस की रीढ़ है। सेवा दल को मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के मूल सिद्धांतों, नीतियों, विचारधारा, त्याग, अनुशासन आदि का पाठ पढ़ाया जायेगा। तीन जून से लेकर तीन जुलाई के बीच बिहार के पटना, मगध, तिरहुत, मुंगेर, भागलपुर, दरभंगा, पूर्णिया, कोसी, सारण सहित सभी प्रमंडल मुख्यालयों में कांग्रेस सेवा दल द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। राज्य के सभी हिस्सों में प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन से बिहार में कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी।



**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ0 अखिलेश करेंगे प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन**

**राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर होंगे मुख्य अतिथि, बिहार प्रभारी मो0 अफरोज खान का मिलेगा मार्गदर्शन**

**डॉ संजय यादव,मुख्य संगठक,प्रदेश कांग्रेस सेवादल**

# महिला पहलवानों के समर्थन में महागठबंधन के साथ उतरेगी बिहार कांग्रेस

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी दिल्ली में आंदोलनरत महिला पहलवानों के समर्थन में प्रस्तावित महागठबंधन की मशाल जुलूस में शामिल होने का निर्णय लिया है। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बिहार कांग्रेसजन, महागठबंधन के सभी घटक दलों द्वारा आहूत 3 जून को इस मशाल जुलूस में इनकम टैक्स गोलंबर से बुद्ध पार्क तक शामिल होंगे।

इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि दिल्ली में महीनों से कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के द्वारा यौन हिंसा के खिलाफ आंदोलनरत महिला पहलवानों के समर्थन में महागठबंधन के घटक दलों के द्वारा मशाल जुलूस का आयोजन किया गया है जिसमें कांग्रेस पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसजन भी शामिल रहेंगे। कल दिनांक 3 जून 2023 को यह मशाल जुलूस और कैंडल मार्च संध्या 6 बजे इनकम टैक्स गोलंबर से प्रारम्भ होगी और बुद्ध पार्क तक जाएगी।

**बिहार कांग्रेस महागठबंधन के द्वारा आहूत महिला पहलवानों के समर्थन में मशाल जुलूस में होगी शामिल**



## प्रेस आमंत्रण पत्र

दिनांक– 3 जून 2023
स्थान– सदाकत आश्रम
समय – 11.30 बजे एवं 1.00 बजे
महोदय
कल दिनांक 3 जून 2023 को पूर्वाहन 11:30 बजे से विधायक एवं विधान पार्षदों की बैठक एवं 1.00 बजे से नवनिर्वाचित जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों की प्रथम बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बुलाई गई है। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह करेंगे। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी श्री भक्त चरण दास विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर आप अपने कैमरा टीम एवं छायाकार को भेजने का कष्ट करेंगे।

**राजेश राठौड़, चैयरमेन मीडिया बिभाग,बिहार कांग्रेस,9430438222**

## महत्वपूर्ण सूचना

जैसा की आप सभी जानते हैं की पूरी दुनिया में अपने खेल व प्रतिभा से अपने देश का नाम ऊंचा करने वाले और राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कॉमनवैल्थ से लेकर ओलंपिक तक में पदक जीतने वाले पहलवान महीनों से अपने सम्मान, इज्जत व न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं । आज आपको और हमें भी इन बेटियों की लड़ाई में शामिल होने का अवसर मिल रहा है । मुंगेशपुर गांव में हमारे संपूर्ण गांव देहात से खिलाड़ी, कोच, ट्रेनर व सभी गणमान्य व्यक्ति एक पंचायत करने जा रहे हैं । इस पंचायत में उहउ सदस्य, उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व विधायक श्री देवेन्द्र यादव जी सभी को संबंधित करेंगे । आप सभी साथीयों से अनुरोध है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस पंचायत को सफल बनाएं ।।
दिनांक : 4 जून 2023, रविवार
स्थान : मुंगेशपुर चौपाल, चौधरी ईश्वर सिंह जी (पूर्व निगम पार्षद) के घर के पास
समय : प्रात 10 बजे आप सभी सादर आमंत्रित हैं ।।
आपका अपना सुरेंद्र कुमार पूर्व विधायक बवाना

# सुबह 6:00— 9:00 के बीच कांग्रेस दर्पण डिजिटल पत्रिका की ओर टकटकी लगाए रहते हैं लोग

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

प्रदेश कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी मुख्य संगठन 26/03/2023 को बनाए गए डॉ संजय कुमार यादव। सबसे बेजोड़ बात यह रहा कि निवर्तमान प्रदेश मुख्य संघठक मोहम्मद शोएब और अखिलेश कुमार विद्यार्थी की भूमिका कि डॉ संजय यादव ने सराहना की और वे दोनों डॉ संजय यादव जी के मनोनयन पर खुशी का इजहार किया। डॉ संजय जी राजनीतिक पृष्ठभूमि से बिलॉन्ग करते हैं। इनके पिता प्रो. चंद्रिका प्रसाद यादव जहानाबाद विधानसभा और लोकसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार रह चुके हैं। इनकी पूजनीय माता कमला देवी जिला परिषद जहानाबाद की अध्यक्षा रह चुकी हैं। अपने निजी कार्य में व्यस्तता के बावजूद बिहार में कांग्रेस विचारधारा के लोकप्रिय हिंदी इंग्लिश एवं उर्दू e-dainik कांग्रेस दर्पण के प्रकाशन एवं संपादकीयता में निहस्वार्थ भावना से काम करते रहे हैं डॉ संजय यादव जी। जिसके माध्यम से कांग्रेस की खबरें बिहार के जन– जन तक पहुंच रही है।उतना ही नहीं बिहार से बाहर हमारे मित्र कानपुर और दिल्ली में बैठकर सुबह सुबह 6:00 से 9:00 बजे के बीच मोबाइल देखते रहते हैं और बोल पड़ते हैं कि मुखिया जी आपकी लेखनी हमारे दिल को छू जाती है। अर्थात कांग्रेस दर्पण की ओर राज्य से बाहर के लोग भी टकटकी लगाए रहते हैं। जिन्हें बिहार से प्यार है।तभी तो हम कांग्रेस दर्पण की ओर टकटकी लगाए रहते हैं*



हम भी जवाब दे बैठते हैं हम ही हम हैं तो क्या हम हैं ?

डॉ संजय यादव जी ने कांग्रेस दर्पण में चार चांद लगा रखा है...

कॉंग्रेस दर्पण तो सेवा का माध्यम है ही।

डॉ संजय यादव जी ने 03 जून 2023 से प्रमंडल वाइज 03 जुलाई 2023 तक बिहार के कोने– कोने में अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अपने स्तर से या सीधे कहें निजी कोष से। उसी तरह जिस तरह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद सम्मानित नेता डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह 1990 के पहले वाला कांग्रेस बिहार में स्थापित करने के उद्देश्य से जी जान लगा दिया है। डॉक्टर संजय यादव कांग्रेस दर्पण डिजिटल पत्रिका एवं कांग्रेस सेवा दल के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने का काम कर रहे हैं। ताकि कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को प्रशासनिक महकमे के लोग सम्मान देने का काम करें... समाज के सभी वर्गों में कॉंग्रेसीईयों के प्रति सम्मान, प्यार, स्नेह स्थापित हो

**.....रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय कांग्रेस कमेटी**

# गांव गांव जाकर लोगों को राहुल गांधी का संदेश पहुंचाने का काम किया जा रहा है : एडवोकेट मनोज गोहाना



संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

प्रदेश महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना हल्के के गांव खन्दराई में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी की चिट्ठी सभी उपस्थित साथियों को दी। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

मनोज गोहाना ने कहा कांग्रेस पार्टी पूरे देश और प्रदेश मे गांव गांव जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाने का काम कर रही है। देश में बेरोजगारी , महंगाई , भ्रष्टाचार, क्राइम, आए दिन बढ़ता जा रहा है, देश व प्रदेश की भाजपा सरकार किसी भी समस्या को दूर करने के लिए कोई ठोस व कारगर कदम नहीं उठा रही है।

आज देश का युवा अंधकार में भटक रहा है । आज देश में चाहे किसान हो, मजदूर हो, छोटा दुकानदार हो, कर्मचारी हो, अपने हकों की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। अपने हको की लड़ाई लड़ने के लिए कोई धरना प्रदर्शन करता है उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज करवाए जाते हैं हर वर्ग इस सरकार से दुखी है। इस मौके पर रामेश्वर, जगमेंदर बामणिया, जोगिंदर, पवन, राजू, वीरेंद्र, धर्म, महेंद्र , अंकित, संदीप, दीपू, सुखेंद्र, रुपेश, रिंकू, सुधीर, रविंदर, रोशनी, बीरमति आदि मौजूद रहे ।

# पार्टी के बड़े नेताओं को संयम से बोलने की सलाह दी ब्रजेंद्र


संवाददाता।कांग्रेस दर्पण\

**पटना।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है आजकल समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देखने को मिल रहा है पार्टी के बड़े नेताओं के द्वारा सार्वजनिक मंच पर होने के बावजूद भी एक दूसरे को नसीहत देने से बाज नहीं आते हैं अगर ऐसी बात कोई छोटे नेता या प्रखंड जिला का बोलता है तो यह समझ में आता है कि उनको अभी इतनी समझदारी नहीं है लेकिन बड़े–बड़े नेताओं के द्वारा एक दूसरे पर ताना कशी करते हैं तो जनता में अच्छा संदेश नहीं जाता है श्री सिंह ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सभी नेताओं से आग्रह किया है की लक्ष्मण रेखा में रहकर ही कोई बयान दें अभी हमारे पार्टी के सामने 2024 का चुनाव सबसे महत्वपूर्ण है हम सबों को आगामी लोकसभा और विधानसभा में किस तरह हमारे उम्मीदवार जीते हमको उस पर फोकस देना चाहिए ना कि एक दूसरे को नीचा दिखाने का अभी हमारे पार्टी में बहुत सारे नेताको केंद्रीय नेता होने का सौभाग्य प्राप्त हैऔर है भी हम लोगों को वैसे नेताओं से सीख लेनी चाहिए





आज #केकेसी के राष्ट्रीय चेयरमैन माननीय @Dr_Uditraj जी, अपने निवास पर आए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से मुलाकात किया।







# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा बेटियों का कर रही है यौन उत्पीड़न :आशा रावत

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय नई टिहरी में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली पार्टी के लोग आज सबसे ज्यादा देश में बेटियों का यौन शोषण कर रहे हैं उत्तराखंड के अंकिता भंडारी प्रकरण में आज तक उस बीआईपी का का नाम उजागर नहीं किया और ना ही कोई कार्रवाई की है लेकिन लोग सब जानते हैं कि भाजपा के लोग दोहरे चरित्र के लोग हैं आज देश में माताएं बहने सबसे ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर में विगत 2 माह से देश के पहलवान बेटियां भाजपा सांसद के खिलाफ धरने पर बैठे हैं लेकिन कुछ ही कदम दूर पूरी भाजपा सरकार बैठी है लेकिन उन्हें नहीं सुनाई दे रहा है उन्होंने कहा दिल्ली के जंतर मंतर में हुई महिला पहलवान पर सरकार के द्वारा जो बर्बरता की गई हम उसकी कड़ी शब्दों में निंदा करना चाहते हैं। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ठीक जिलाध्यक्ष ममता उनियाल एवं अनीता रावत ने कहा कि देश की बेटियां शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रही है थी लेकिन सरकार के दबाव में बिना किसी वजह के उनके खिलाफ तुरंत एफ आई आर दर्ज कर दी जाती है जबकि उन्हीं पहलवान बेटियां के द्वारा के द्वारा विगत 2 माह से भाजपा सांसद बृजभूषण के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं इनके द्वारा हमारा शोषण किया जा रहा है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उस पर मुकदमे भी दर्ज होता है लेकिन सरकार कुछ करने को तैयार नहीं है यह भाजपा पार्टी और सरकार का दोगला चरित्र है। भाजपा सरकार बृजभूषण सिंह और उसके साथियों को बचाने का काम कर रही है इस पर महिला कांग्रेस कड़ी कार्रवाई की मांग करती है साथ ही राज्य सरकार को यह चेतावनी देते हैं कि अगर सरकार ने जल्दी ही बृजभूषण को गिरफ्तार नहीं किया तो प्रदेश की राजधानी में सीएम आवास और देश की राजधानी में पीएम आपका देश की महिलाएं घेराव करें करेगी। उपरोक्त प्रेसवार्ता में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता उनियाल महिला कांग्रेस की जिला महामंत्री अनीता रावत महिला कांग्रेस की सचिव अनीता शाह आदि शामिल थे






# शामली ज़िला कांग्रेस में कांधला के वासियों ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा : दीपक सैनी


संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण




2/6/2023 को शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने कांधला में शाहरुख मसुरी के निवास पर बैठक हुई जिसमें। दो दर्जन लोगों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस का हाथ थामा। जिसमें दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली ने सभी को माला महनाकर स्वागत किया और कहा कांग्रेस पार्टी मजबूत है मजबूत थी और रहेगी सर्व समाज की पार्टी है कांग्रेस भारत देश के इस परिवार ने बलिदान दिया है। राहुल गांधी जी प्रियंका गांधी जी अपनी भारत देश की जनता से झुठ नहीं बोलते हमेशा पीड़ति जनता की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। आज भारत देश की हालत गंभीर हो गए हैं महंगाई और तानाशाही से आज के युग में किसान, व्यापारी, और मजदूर, रोजगार के साधन नहीं हो पा रहे हैं। अगर रोजगार को चलाने के लिए कोई व्यक्ति बैंक से 1 लाख रुपए का लोन लेने का प्रयास करता है तो उस बेरोजगार की बैंक जाते जाते चप्पल घिस जाती है

हमारे भारत देश में अड़ानी जैसे लोग है जो भारत सरकार के लोन लेकर वलर्ड के सबसे बड़े अमीर धन्नासेठों में गिनती हो गई है। ओर करोड़ों रुपए माफ़ कर दिये है सरकार ने। निशांत तोमर जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस ने कहा की आज के युग से तो अंग्रेजी शासनकाल ही बहुत अच्छा था उस वक्त लोकतंत्र न्याय पालिका में इन्साफ मिलता था । मगर आज की सरकार में बहुत तानाशाही से जनता जर्नादन दुखी हो चुकी है। महिला महिलाओं पर लाठीचार्ज कराई जा रही है अपनी आवाज उठाने का अधिकार तो बन्द कराने में लग गई है भारत सरकार इनको सच्चाई सुन्ना बर्दाश्त नहीं है


जनता परिवर्तन चाहती है वह दौर शुरू हो चुका है हर कोई कांग्रेस परिवार में आ रहा है। क्योंकि आगे का समय कांग्रेस पार्टी का ही आ रहा है। दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली, निशांत तोमर जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस, योगेश भारद्वाज ज़िला महासचिव , अश्वनी शर्मा प्रदेश महासचिव, जाहिद यामिन , तैयब बैग , शाहरुख मसुरी कांधला, प्रदीप सैनी, पप्पू सैनी, शेखर सैनी, साहिल मसुरी, फारुख मसुरी, फिरोज राणा, शाहरुख अंसारी, शाहाबत अंसारी, कपिल सैनी, शिवम चौधरी, अमित सैनी, अब्बास, समीर राणा, शाकिर सिद्दीकी, नाजिम सिदकी, शादी, नासिर मसुरी, आरिफ, आशु सिद्दीकी, सोनू , डाक्टर रहमान, अब्दुला, तस्लीम, आबिद अंसारी, आदि मौजूद रहे




# 'लोकतंत्र' से मोदी सरकार को इतना डर क्यों?

संवाददाता । मोहिउद्दीन खान




► झूठ और प्रोपेगेंडा से आए दिन लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने वाली सरकार देश के गौरवशाली इतिहास को मिटाने पर तुली है। मोदी सरकार नहीं चाहती कि लोकतंत्र और असली इतिहास के बारे में देश की नई पीढ़ी को जानकारी हो, इसलिए अब मोदी सरकार के इशारे पर ठउएफ्ळ के पाठ्यक्रम से 'लोकतंत्र' का चैप्टर ही हटा दिया गया है।

► पूरा देश जानता है कि भाजपा और संघ का इतिहास शर्मनाक और कार्यशैली लोकतंत्रविरोधी रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में संघ द्वारा अंग्रेजों की मदद करने की बात हो या राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या में इनके नेताओं की संलिप्तता का इतिहास। संघ–भाजपा ने अपने अतीत के कुकर्मों पर पर्दा डालने के लिए हमेशा अलोकतांत्रिक रास्ता अख्तियार किया है, लेकिन यह रास्ता जितना खतरनाक है, उससे ज्यादा चिंताजनक।

► सरकार के इशारे पर पहले ठउएफ्ळ के पाठ्यक्रम से महात्मा गांधी जी की हत्या से जुड़ा चैप्टर, गोधरा दंगे से जुड़े चैप्टर और मौलाना अबुल कलाम आजाद से जुड़ा चैप्टर हटाया गया। अब लोकतंत्र का चैप्टर भी हटा दिया गया है। मतलब छात्रों के 'लोकतंत्र' का ककहरा सीखने से भी लोकतंत्र विरोधी सरकार को डर लग रहा है। असली इतिहास से डरने वाली सरकार ने पहले व्हासट्सएप–फेसबुक यूनिवर्सिटी के माध्यम से खुद को देशभक्त और आजादी का असली सिपाही बनने का ट्रायल किया था।

► मगर जनता की सूझबूझ के कारण यह ट्रायल नाकाम हो गया। इसके बाद संघ–भाजपा ने असली इतिहास को ही मिटाने का प्रयास शुरू कर दिया। सरकार की इस मनमानी का नतीजा भयावह होगा। मोदी सरकार को यह बात याद रखनी चाहिए कि सरकार ने किताबों से कुछ पन्नों को भले ही हटा दिया है, मगर लोगों के दिलो–ओ–दिमाग में संघ–बीजेपी का इतिहास आज भी सुरक्षित है। जिस देश को संघ–भाजपा ने अपने झूठ और नफरत से तबाह कर दिया है। उस देश के बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाने से सरकार को डर लग रहा है।

► क्या सरकार को इस बात का डर है कि लोकतंत्र सीखने समझने से ये छात्र सरकार से सवाल करने लगेंगे?

सच में इतनी डरपोक और बेशर्म सरकार इस देश की जनता ने पहली बार देखी है।



**रिकॉर्ड महंगाई के दौर में कांग्रेस सरकारों की ओर से जनता को मिल रही राहत**

**कर्नाटक – हर परिवार को 200 यूनिट बिजली निःशुल्क**

**राजस्थान – हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट बिजली निःशुल्क**

**छत्तीसगढ़ – 400 यूनिट तक खपत पर बिजली बिल हॉफ**

**कांग्रेस ने जनता से जो भी वादा किया, उसे ईमानदारी से पूरा किया।**



**तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के आज ही के दिन भारत के सबसे नये राज्य तेलंगाना का गठन किया था। तेलंगाना के शहीदों और यहां की जनता ने राज्य को विकसित एवं समृद्ध बनाने का जो सपना देखा था, कांग्रेस उन सपनों के प्रति प्रतिबद्ध है। तेलंगाना वासियों को राज्य स्थापना दिवस की बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।**

**श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा**


नफरत के दर्द मिटाने को
मोहब्बत के रंग फैलाने को
सबको गले लगाने को
हर चेहरे पर मुस्कुराहट लाने को
सिर्फ एक ही
BANDAA
काफी है !


अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल
तीन दिवसीय पटना प्रमंडल प्रशिक्षण शिविर
दिनांक 3 जून से 5 जून 2023
उद्घाटनकर्ता - डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह
सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटी, पटना
स्थान :- सदाकत आश्रम
समय :- 11:00 बजे दिन
निवेदक -
डॉ. संजय कुमार
का. मुख्य संगठक
बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10
Creation 7463096991